# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

## 28वाँ दीक्षांत–समारोह

क्रमांक : 2080/अका./दीक्षांत/2025 रायपुर, दिनांक 30/10/2025

## //संशोधित अधिसूचना//

विश्वविद्यालय के अधिसूचना क्रमांक 148/अका./दीक्षांत/2025 दिनांक 17.01.2025 में आवश्यक संशोधन निम्नानुसार है :– पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का अठाईसवाँ दीक्षांत–समारोह दिसम्बर, 2025 में प्रस्तावित है। इस दीक्षांत–समारोह में उन सभी प्रत्याशियों को उपाधि–पत्र वितरित किए जाएँगे, जिन्हें दिनांक 11.01.2024 से 04.11.2025 तक की अवधि में इस विश्वविद्यालय की डी. लिट्. एवं पी–एच.डी. उपाधि के लिए योग्य घोषित किया गया है। वर्ष 2023–24 की परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को भी इस दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक से अलंकृत किया जाएगा। इसी प्रकार से विभिन्न दान–दाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण–पदक के पात्र एवं चयनित प्रत्याशियों को इसी दीक्षांत–समारोह में पदक प्रदान किया जाएगा।

ऐसे पात्र व्यक्ति जो इस दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, वे अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में दिनांक 07.11.2025 के पूर्व पंजीकृत डाक या ईमेल (registrarprsu@gmail.com) में भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्याशियों से निश्चित शुल्क एवं अन्य ब्यौरा प्राप्त होने पर दीक्षांत–समारोह में सम्मिलित होने हेतु अनुज्ञा–पत्र तैयार किया जाएगा। अनुज्ञा–पत्र विश्वविद्यालय के उपाधि विभाग से दिनांक 07.11.2025 तक प्राप्त हो सकेगा। अनुज्ञा–पत्र के 'प्रपत्र–ब' को प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय के परिधान प्रदायकर्ता से परिधान प्राप्त हो सकेगा। परिधान–धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा।

दीक्षांत–समारोह में शामिल होने हेतु डी.लिट् एवं पी–एच.डी. उपाधि हेतु पात्र आवेदकों को 1000 रु. का शुल्क देय होगा तथा स्वर्ण–पदक हेतु प्राप्त आवेदकों को 300 रुपए शुल्क देय होगा। यह शुल्क कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को दिनांक 07.11.2025 तक नगद/बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा/को भेजना होगा। इसके अलावा परिधान प्राप्त करने हेतु आवेदकों को 1000 रुपए सुरक्षा–राशि के रूप में जमा करना होगा। सुरक्षा–राशि, परिधान सही हालत में वापस किए जाने पर वापसी योग्य होगा।

यदि आवेदक रजिस्टर्ड डाक/ई–मेल (registrarprsu@gmail.com) के द्वारा भेजते हैं, तो उन्हें परिधान–प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति/प्रतिलिपि साथ में लानी होगी। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदकों को दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

* सभी प्रत्याशियों को परिधान प्राप्ति हेतु (वापसी योग्य) अमानत राशि रु. 1000/– डॉ. अरविंद अग्रवाल, सह–प्राध्यापक, Malaviya Mission Teacher Training Centre (MMTTC), पं.र.वि.वि. रायपुर के पास जमा करना होगा।
* दीक्षांत–समारोह की शोभायात्रा का पूर्वाभ्यास के लिए तिथि की जानकारी बाद में भेजी जाएगी।
* परिधान–वितरण डॉ. अरविंद अग्रवाल, सह–प्राध्यापक, Malaviya Mission Teacher Training Centre (MMTTC), पं.र.वि.वि. रायपुर के निर्देशन में की जाएगी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शोध–उपाधि के लिए योग्य घोषित प्रत्याशियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट (www.prsu.ac.in) में उपलब्ध है।

टीप: **ऐसे आवेदक जो पूर्व में दिनांक 10.03.2025 तक आवेदन जमा कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है।**

आदेशानुसार,

30/10/25

कुलसचिव

पृ. क्रमांक : 2081/अका./दीक्षांत/2025 रायपुर, दिनांक 30/10/2025

प्रतिलिपि :

01. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर
02. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर,
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
04. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् एवं कार्यपरिषद् के सदस्यों को
05. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष
06. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/अधिष्ठाता छात्र कल्याण
07. समस्त संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य,
08. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अध्यक्ष/समस्त विभागीय अधिकारी,
09. संचालक– जनसंपर्क विभाग, छ.ग. शासन, रायपुर.
10. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, माय एफ–एम, रेडियो मिर्ची, ज्ञान वाणी रायपुर को सूचना के रूप में प्रकाशनार्थ।
11. संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार–पत्रों को आगामी अंक के अंतिम पृष्ठ पर समाचार के रूप में प्रकाशनार्थ।
12. डॉ. अरविंद अग्रवाल, सह–प्राध्यापक, Malaviya Mission Teacher Training Centre (MMTTC), पं.र.वि.वि. रायपुर
13. प्रभारी, (कम्प्यूटर केंद्र) को इस निवेदन के साथ कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट में अपलोड करें।
14. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. र.शु.वि.वि. रायपुर को सूचनार्थ।

उप–कुलसचिव (अका.)

D \back\shital\T R Sahu\back up 09-08-2017\Convocation\Adhisuchana-Convocation-13 doc

Scanned with CamScanner

# 28वाँ दीक्षांत–समारोह
## आवेदन पत्र

**registrarprsu@gmail.com : dr.arvind02@gmail.com**

पासपोर्ट साइज का फोटो संलग्न करें।

प्रति,

कुलसचिव,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर

महोदय,

मैं विश्वविद्यालय द्वारा दिसम्बर, 2025 में प्रस्तावित अठाईसवाँ दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ। मैं 1000 रुपए दीक्षांत समारोह शुल्क हेतु नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट नं. ........................ ................................................ दिनांक ...................................... भेज रहा/रही हूँ। इस संबंध में अपने विषय में निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत कर रहा/ रही हूँ।

1. पूरा नाम एवं पता – ..............................................................................
   ..............................................................................
   ..............................................................................
2. मोबाइल नम्बर – ..............................................................................
3. ई–मेल – ..............................................................................
4. विषय जिसमें पी–एच.डी./डी.लिट उपाधि प्राप्त की है। – ..............................................................................
   ..............................................................................
5. शोध–ग्रंथ का विषय – ..............................................................................
   ..............................................................................
   ..............................................................................
6. शोध–निर्देशक का नाम – ..............................................................................
   ..............................................................................
7. शोध–सहनिर्देशक का नाम – ..............................................................................
   ..............................................................................

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

# 28वाँ दीक्षांत–समारोह
## आवेदन पत्र

**registrarprsu@gmail.com : dr.arvind02@gmail.com**

| पासपोर्ट साइज का फोटो संलग्न करें। |
|---|

प्रति,

कुलसचिव,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर

महोदय,

मैं विश्वविद्यालय द्वारा दिसम्बर, 2025 में प्रस्तावित अठाईसवाँ दीक्षांत समारोह में स्वयं उपस्थित होकर स्वर्ण–पदक प्राप्त करना चाहता/चाहती हूँ। मैं 300 रुपए दीक्षांत समारोह शुल्क हेतु नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट नं. .................................................................... दिनांक ..................................... भेज रहा/रही हूँ। इस संबंध में मेरा विवरण निम्नानुसार है –

पूरा नाम – ......................................................................................

......................................................................................

......................................................................................

मोबाइल नम्बर – ......................................................................................

ई–मेल – ......................................................................................

कक्षा – ......................................................................................

स्वर्ण–पदक का नाम – ......................................................................................

......................................................................................

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर